संख्या-1315/बयालिस-2021-38/एस0पी0/104/82

प्रेषक,

कल्पना अवस्थी,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
खेल,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

खेल अनुभाग

लखनऊ : दिनांक :06 जनवरी, 2022

विषय :- राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रदेश के पदक विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार दिये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-जी-416/पुरस्कार पत्रा0/2020-21, दिनांक 09.10.2020, पत्र संख्या-जी-223/शासन संदर्भ पत्रा0/2021-22, दिनांक 27.07.2021 व शासनादेश संख्या- 1728/बयालिस-2005-38/एस0पी0/104/82, दिनांक 31.05.2005, शासनादेश संख्या- 4320/बयालिस-06-38/एस0पी0/104/06, दिनांक 29.11.2006, शासनादेश संख्या-3381/बयालिस-2007-38/एस0पी0/104/82, दिनांक 29.10.2007, शासनादेश संख्या- 17/250/बयालिस-2015-11(विविध)/2013, दिनांक 25.03.2015 तथा शासनादेश संख्या- 2131/बयालिस-2014-211(विविध)/2014, दिनांक 22.08.2014 के क्रम में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि खेलों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बढ़ाने, जनमानस का खेलों के प्रति रूझान बढ़ाने, खेल संस्कृति की अभिवृद्धि करने, खिलाडियों की प्रतिभागिता मे वृद्धि करने, प्रदेश में अनुकूल खेल वातावरण सृजन करने, प्रदेश की खेल प्रतिस्पधाओं में प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने तथा सृजित अवस्थापनाओं का उत्पादक उपयोग करने के उद्देश्य को संज्ञान में लेते हुए श्री राज्यपाल राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रदेश के पदक विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार दिये जाने सम्बन्धित उपरोक्त शासनादेशो को तत्कालिक प्रभाव से सशोधित/अवक्रमित करते हुए निम्नानुसार किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

( धनराशि लाख में )

| क्र0सं0 | प्रतियोगिता का नाम | प्रतियोगिता पुरस्कार राशि | | |
|---|---|---|---|---|
| | **एकल** | स्वर्ण | रजत | कांस्य |
| 1. | एशियन कप/एशिया कप/ एशियन सीनियर चैम्पियनशिप/यूथ ओलम्पिक गेम्स/यूथ कामनवेल्थ गेम्स (प्रत्येक चार वर्षों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता) | 20.00 | 15.00 | 10.00 |
| | **टीम गेम्स** | | | |
| 2. | एशियन कप/एशिया कप/एशियन सीनियर चैम्पियनशिप ( प्रत्येक चार वर्षों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता ) | 10.00 | 8.00 | 6.00 |
| | **एकल वर्ग** | | | |
| 3. | जूनियर विश्व कप तथा जूनियर विश्व चैम्पियनशिप (प्रत्येक चार वर्ष में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता ) | 10.00 | 8.00 | 6.00 |
| 4. | जूनियर एशियन चैम्पियनशिप/एशियन कप/ एशिया कप ( प्रत्येक चार वर्षों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता ) | 8.00 | 6.00 | 4.00 |
| | **टीम गेम्स** | | | |
| 5. | जूनियर विश्व कप तथा जूनियर विश्व चैम्पियनशिप (प्रत्येक चार वर्षों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता) | 4.00 | 3.00 | 2.00 |
| 6. | जूनियर एशियन चैम्पियनशिप/एशियन कप/एशिया कप (प्रत्येक चार वर्षों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता) | 3.00 | 2.00 | 1.00 |
| | **राष्ट्रीय चैम्पियनशिप** | | | धनराशि रूपये में |
| 7 | मिनी एवं कैडेट (एकल वर्ग) | 20,000 | 15,000 | 10,000 |
| 8. | यूथ | 75,000 | 50,000 | 35,000 |
| 9 | मिनी एवं कैडेट (टीम गेम्स) | 10,000 | 8,000 | 6,000 |
| 10. | यूथ | 30,000 | 20,000 | 15,000 |
| | **खेलो इण्डिया यूथ गेम्स एकल वर्ग** | | | |

8

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 11 | आयु वर्ग अण्डर-17 | 50,000 | 35,000 | 20,000 |
| 12. | आयु वर्ग अण्डर-21 | 1,00,000 | 75,000 | 50,000 |
| | **टीम गेम्स** | | | |
| 13. | आयु वर्ग अण्डर-17 | 20,000 | 15,000 | 10,000 |
| 14. | आयु वर्ग अण्डर-21 | 50,000 | 35,000 | 20,000 |
| | **ऑल इण्डिया यूनीवर्सिटी प्रतियोगिता एवं खेलो इण्डिया यूनीवर्सिटी गेम्स तथा स्कूल नेशनल गेम्स एकल वर्ग** | | | |
| 15. | अण्डर-14 वर्ग स्कूल नेशनल | 20,000 | 15,000 | 10,000 |
| 16. | अण्डर-17 वर्ग स्कूल नेशनल | 50,000 | 35,000 | 20,000 |
| 17. | अण्डर-19 वर्ग स्कूल नेशनल | 1,00,000 | 75,000 | 50,000 |
| 18. | ऑल इण्डिया यूनिवर्सिटी /खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स | 2,00,000 | 1,50,000 | 1,00,000 |
| | **टीम गेम्स** | | | |
| 19. | अण्डर-14 वर्ग स्कूल नेशनल | 10,000 | 8,000 | 6,000 |
| 20. | अण्डर-17 वर्ग स्कूल नेशनल | 20,000 | 15,000 | 10,000 |
| 21. | अण्डर-19 वर्ग स्कूल नेशनल | 50,000 | 35,000 | 20,000 |
| 22. | ऑल इण्डिया यूनिवर्सिटी /खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स | 1,00,000 | 75,000 | 50,000 |
| | **पर्वतारोहियों हेतु** | धनराशि | | |
| 23. | 8000 मीटर से ऊपर | 15.00 लाख | | |
| 24. | 7000 से 8000 मीटर तक | 5.00 लाख | | |

03 अन्य अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पुरस्कार राशि प्रदेश के खिलाडियों को निम्नवत् प्रदान की जायेगी।

| क्र0स0 | अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता का नाम | पुरस्कार राशि | | |
|---|---|---|---|---|
| | | स्वर्ण | रजत | कांस्य |
| | | रू0 | रू0 | रू0 |
| 1 | वर्ल्ड कप/चैम्पियनशिप (प्रत्येक 2 वर्षो मे आयोजित होने वाली ) | 40.00 लाख | 30.00 लाख | 20.00 लाख |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2 | वर्ल्ड कप/वर्ल्ड चैम्पियनशिप (प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाली ) | 20.00 लाख | 15.00 लाख | 10.00 लाख |
| 3 | वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स/ चैम्पियनशिप | 5.00 लाख | लाख 4.00 | लाख 3.00 |

2- उक्त के अतिरिक्त ओलम्पिक गेम्स में प्रतिभाग करने वाले उत्तर प्रदेश के प्रत्येक खिलाडियों को प्रोत्साहन स्वरूप रू0 10.00 लाख एवं कामनवेल्थ गेम्स, एशियन गेम्स एवं विश्व कप/विश्व चैम्पियनशिप/एशियन चैम्पियनशिप/एशिया कप में प्रतिभाग करने वाले उत्तर प्रदेश के प्रत्येक खिलाड़ियों को प्रोत्साहन स्वरूप रू0 5.00 लाख की धनराशि दिया जायेगा। राष्ट्रीय खेल एवं राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में नया राष्ट्रीय कीर्तिमान बनाने पर रू0 1,00,000/- राष्ट्रीय सबजूनियर,यूथ एव जूनियर चैम्पियनशिप में नया कीर्तिमान बनाने पर रू0 50,000/- एवं राष्ट्रीय मिनी एवं कैडेट चैम्यिनशिप में नया कीर्तिमान बनाये जाने पर रू0 20,000/- की अतिरिक्त पुरस्कार राशि खिलाडियों को दिया जायेगा।

अन्तर्राष्ट्रीय / राष्ट्रीय प्रतियागिताओं में निम्नानुसार पुरस्कारों की धनराशि में वृद्धि की जाती है :-

| क्र 0सं0 | प्रतियोगिता का नाम | वर्तमान मे देय पुरस्कार | | | नवीन पुरस्कार राशि (लाख में) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वर्ण | रजत | कांस्य | स्वर्ण | रजत | कांस्य |
| 1. | साउथ एशियन गेम्स (सैफ गेम्स) एकल | 3.00 | 2.00 | 1.00 | 6.00 | 4.00 | 2.00 |
| 2. | साउथ एशियन गेम्स (सैफ गेम्स) टीम गेम्स | 1.00 | 0.50 | 0.25 | 2.00 | 1.00 | 0.50 |
| | राष्ट्रीय चैम्पियनशिप (एकल) | धनराशि रूपये : | | | | | |
| | | स्वर्ण | रजत | कांस्य | स्वर्ण | रजत | कांस्य |
| 3. | सब जूनियर | 25,000 | 15,000 | 10,000 | 50,000 | 35,000 | 20,000 |
| 4. | जूनियर | 50,000 | 35,000 | 25,000 | 1,00,000 | 75,000 | 50,000 |
| 5. | सीनियर | 1,00,000 | 75,000 | 50,000 | 2,00,000 | 1,50,000 | 1,00,000 |
| 6. | नेशनल गेम्स | 3,00,000 | 2,00,000 | 1,00,000 | 6,00,000 | 4,00,000 | 2,00,000 |
| | **टीम गेम्स** | | | | | | |
| 7. | सब जूनियर | 15,000 | 10,000 | 5,000 | 20,000 | 15,000 | 10,000 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | जूनियर | 30,000 | 25,000 | 15,000 | 50,000 | 35,000 | 20,000 |
| 9. | सीनियर | 40,000 | 30,000 | 20,000 | 1,00,000 | 75,000 | 50,000 |
| 10. | नेशनल गेम्स | 1,00,000 | 50,000 | 25,000 | 2,00,000 | 1,00,000 | 50,000 |

उक्त के अतिरिक्त निम्न 03 अन्य अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पुरस्कार राशि प्रदेश के खिलाड़ियों को दिया जायेगा :-

| क्र0 स0 | प्रतियोगिता का नाम | वर्तमान में देय पुरस्कार | | | नवीन पुरस्कार राशि | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वर्ण रू0 | रजत रू0 | कांस्य रू0 | स्वर्ण रू0 | रजत रू0 | कांस्य रू0 |
| 1 | एशियन गेम्स | 50.00 लाख | 30.00 लाख | 15.00 लाख | 3.00 करोड़ | 1.50 करोड़ | 75.00 लाख |
| 2 | कामनवेल्थ गेम्स | 50.00 लाख | 30.00 लाख | 15.00 लाख | 1.50 करोड़ | 75.00 लाख | 50.00 लाख |
| 3 | विश्व कप ( प्रत्येक चार वर्षो में आयोजित होने वाली) | 15.00 लाख | 10.00 लाख | 08.00 लाख | 1.50 करोड़ | 75.00 लाख | 50.00 लाख |

3- उपरोक्त राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रदेश के पदक विजेता खिलाडियों को एक ही प्रतियोगिता की कई स्पर्धाओं में पदक जीतने पर सभी अर्जित पदकों हेतु पुरस्कार राशि दिया जायेगा तथा सामान्य खिलाडियों की भाँति दिव्यांग खिलाडियों को भी उपरोक्तानुसार पुरस्कार राशि अनुमन्य किया जायेगा।

4- पर्वतारोहियों को इण्डियन माउन्टेरिंग फाउण्डेशन, नई दिल्ली से प्रमाणित प्रमाण-पत्र/ उत्तर प्रदेश का मूल निवास प्रमाण-पत्र, उत्तर प्रदेश में शिक्षा सम्बन्धी प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।

5- शासनादेश सख्या- 1728/बयालिस-2005-38/एस0पी0/104/82, दिनांक 31.05.2005, शासनादेश सख्या- 4320/बयालिस-06-38/एस0पी0/104/06, दिनांक 29.11.2006, शासनादेश सख्या-3381/बयालिस-2007-38/एस0पी0/104/82, दिनांक 29.10.2007 शासनादेश सख्या-17/250/बयालिस-2015-11(विविध)/2013, दिनांक 25.03.2015 तथा शासनादेश सख्या-2131/बयालिस-2014-211(विविध)/2014, दिनांक 22.08.2014 में वर्णित शेष शर्ते/नियम यथावत रहेगी।

6- उक्त मद में होने वाला व्यय अनुदान संख्या- 22 के लेखाशीर्षक 2204-खेलकूद तथा युवा सेवायें-104-खेलकूद-03-राष्ट्रीय/ अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाडियों को पुरस्कार-20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन ) के नामे डाला जायेगा।

7- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पत्र संख्या- ई0-5-04/दस-2021, दिनांक 06 जनवरी, 2022 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीया,

( कल्पना अवस्थी )
प्रमुख सचिव ।

संख्या- 1315 (1)/बयालिस/2021-तद्दिनांक .-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार, उ0 प्र0 (लेखा एवं हकदारी )प्रथम/द्वितीय, प्रयागराज ।

2- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-5

3- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ ।

4- गोपन अनुभाग-1

5- गार्ड फाईल/ कम्प्यूटर प्रति ।

आज्ञा से,

( भूपेन्द्र बहादुर सिंह )
उप सचिव ।